डायरिया की रोकथाम के लिए आज से अभियान

झुंझुनूं, (निसं)। जिले में डायरिया की रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई है। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि इस बार की थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान 8 सप्ताह के लिए चलाया जाएगा। इन आठ सप्ताह में आशाएं 5 साल तक के बच्चों का घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और ओआरएस के पैकेट तथा जिंक टेबलेट्स का वितरण करेंगी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि सभी राजकीय चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथ आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को डायरिया के लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। इन कॉर्नर्स की मदद से ओआरएस तथा जिंक टेबलेट्स का निशुल्क वितरण भी आवश्यकतानुसार किया जाएगा। अभियान से पूर्व सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर डायरिया नियंत्रण अभियान को गति देने के लिए ओआरएस, आईवी फ्लूड और जिंक टेबलेट्स की आपूर्ति की जाएगी।

साहित्य-संस्कृति का संरक्षण जरूरी : सत्यानी

- राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम की ओर से साहित्य, संस्कृति एवं पत्रकारिता पर हुई परिचर्चा

चूरू, (कासं)। भारतीय साहित्य और पत्रकारिता के उच्च मानदंड स्थापित करने और सांस्कृतिक उन्नयन के लिए प्रदेश की प्रत्येक पंचायत स्तर तक चलाया जा रहा राजस्थान साहित्यिक आंदोलन एक अभिनव पहल है। वर्तमान आपाधापी के समय में साहित्य और संस्कृति का संरक्षण बेहद जरूरी है।

जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने प्रदेशभर में चल रहे राजस्थान साहित्यिक आंदोलन की श्रृंखला में रविवार को होटल शक्ति पैलेस में आयोजित साहित्यिक परिचर्चा में यह विचार व्यक्त किए। राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के बैनर तले भारतीय साहित्य, संस्कृति और मीडिया विषय पर आयोजित परिचर्चा की मुख्य अतिथि कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि इस तरह की परिचर्चाएं होती रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साहित्य और संस्कृति की दृष्टि से चूरू की धरती बड़ी उर्वरा रही है और यहां की धरती से बड़े-बड़े लेखक-साहित्यकार निकले हैं, जिन्होंने हिंदी व राजस्थानी साहित्य को समृद्ध किया है। राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के संस्थापक एवं राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के जनक वरिष्ठ लेखक-पत्रकार अनिल सक्सेना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज पत्रकारिता पर साहित्य का उतना प्रभाव नहीं माना जाता है जो शुरुआत में था लेकिन साहित्य और संस्कृति को परे रखकर पत्रकारिता की कल्पना ही बेमानी है। उन्होंने राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की पैरवी करते हुए जोरदार तरीके से मांग रखने की जरूरत बताई। सक्सेना ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने की बात करते हुए कहा कि हिंदी देश के सबसे अधिक राज्यों में बोले जाने वाली भाषा है। जिस तरह से दूसरे देशों की अपनी राष्ट्रभाषा है, उसी तरह हिंदी भी हमारी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार कुमार अजय ने चूरू की साहित्यिक परम्परा पर चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में हिंदी व राजस्थानी के क्षेत्र में बेहतर काम हो रहा है तथा नए रचनाकारों का उदय आश्वस्त करता है। उन्होंने पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, गीतकार भरत व्यास, मणि मधुकर, रावत सारस्वत और किशोर कल्पनाकांत जैसे लेखकों का स्मरण करते हुए कहा कि हमारे पास एक गौरवशाली अतीत है और बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाने वाले सशक्त युवा हैं, इससे बेहतर और क्या हो सकता है। अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार बनवारी लाल खामोश ने कहा कि संस्कृति में भारत के त्यौहार, पहनावे, भाषाएं, धर्म, संगीत, नृत्य और कला शामिल हैं। भारतीय संस्कृति में आध्यामिकता के साथ ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी समाया हुआ है। प्रो. कमल कोठारी ने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता एक-दूसरे के पूरक हैं और इनके उन्नयन के लिए सतत् प्रयास जरूरी हैं।

वरिष्ठ साहित्यकार इदरीस राज खत्री ने कहा कि कलमकारों को ऐसी छवि बनानी चाहिए जिससे उनकी रचनाओं की चर्चा हर जगह हो। उर्दू अकादमी के पूर्व सदस्य असद अली असद ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों से हमें निराश नहीं होना चाहिए। लगातार इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को प्रेरित करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार बनवारी लाल दीक्षित ने कहा कि आजादी से पहले और वर्तमान की पत्रकारिता में बहुत अंतर है। वरिष्ठ पत्रकार-लेखक आशीष गौतम ने कहा कि आजादी से पहले की पत्रकारिता उसी पृष्ठभूमि की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य देश की जनता को राष्ट्र की भावना से जोड़ना और देश को आजाद कराना था। प्रमुख शायर अब्दुल मन्नान मजहर ने कहा कि कलमकार को अपने कलम की कीमत समझनी चाहिए।

सहायक जनसंपर्क अधिकारी मनीष कुमार, राधेश्याम चोटिया, किशन उपाध्याय, साहित्यकार राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर, भगवती पारीक, राजेन्द्र सिंह शेखावत, शौकत अली खान, बुधमल सैनी, ओम डायनामाइट, राधेश्याम चोटिया, गीता रावत, रचना कोठारी, सुशीला प्रजापत, ओमप्रकाश तंवर, शैलेन्द्र माथुर, मनोज शर्मा, कौशल शर्मा, जगदीश सोनी, महेंद्र सोनी, मनीष सैनी, शिवकुमार तिवारी, हरिसिंह, आर्यनद चौहान, नियाज मोहम्मद, देशदीपक किरोड़ीवाल, नवरत्न प्रजापत, जयप्रकाश स्वर्णकार, रामचंद्र गोयल, जयप्रकाश बैंगानी, शिव भगवान सोनी, पवन माटोलिया, नरेश उपाध्याय तारानगर, पंकज शर्मा, आदित्य शर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

संचालन वरिष्ठ साहित्यकार इदरीश राज खत्री ने किया। लोक संस्कृति शोध संस्थान नगरश्री ट्रस्ट के सचिव श्यामसुन्दर शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के जनक वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार अनिल सक्सेना ललकार के कहानी संग्रह आख्यायिका का विमोचन जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी और अतिथियों ने किया।

तारानगर में भाजपा की धन्यवाद सभा

- लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने पर आभार जताने राजेन्द्र राठौड़ व देवेन्द्र झाझड़िया पहुंचे

तारानगर, (निसं)। तारानगर के कृषि उपज मण्डी प्रांगण में भाजपा की तरफ से धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया। सभा में लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने पर आम जनता का आभार जताने के लिये भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ व चूरू लोकसभा प्रत्याशी खिलाड़ी देवेन्द्र झाझड़िया ने तारानगर पहुंच कर आम जनता का आभार जताया ।

राठौड़ ने कहा कि यदि मैं जात-पात में विश्वास करता तो जयनारायण पूनीयां तारानगर से व हरलाल सहारण चूरू से कभी विधायक नहीं बन पाते। भाजपा पार्टी समरसता की पार्टी है जो सबको विश्वास में लेकर चलती है। राठौड़ ने कहा कि अब जल्द ही भाजपा सरकार गरीब व्यक्तियों के लिये राजस्थान में 30 लाख घर मुहैया कराने की व्यवस्था करेगी, तारानगर क्षेत्र में बिजली, पेयजल की समस्या को समाप्त किया जायेगा, अतिशिघ्र नगर पालिका वार्ड व ग्राम पंचायतो का पुन:सीमांकन करवाया जायेगा। राठौड़ ने आने वाले नगर पालिका व ग्राम पंचायतो के चुनावो में भाजपा कार्यकर्ताओं को कमर कसने की बात भी कही। सभा को सम्बोधित करते हुए देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि मै राजनैतिक बाते नहीं करता व न ही मेरे को आती है धरातल से जुड़ा हुआ व्यक्ति हूं आपके बीच में ही बड़ा हुआ हूँ। यहां की हर समस्या से अवगत हूँ। अब आने वाले समय में आप लोगो के बीच ही रहूंगा, समस्याओं का समाधान करूंगा। आम जनता की सेवा में कोई कमी नहीं आने दूंगा। इस अवसर पर भाजपा नेता महावीर पूनीया, पराक्रम सिंहस राठौड़, सन्दीप काजला, राकेश जांगिड़, कुन्दन बाबल, सुरेन्द्रसिंह मिठड़ी, सुदर्शन सबलानिया, दलिप पूनीयां, जमरदीन तेली, ताराचन्द कस्वां, मनफूल बागोत, च्यानणमल कुल्हरी, पन्नालाल पूनीयां, हड़ियाल सरपंच राकेश शर्मा, रामकुमार स्वामी ने भी अपना सम्बोधन दिया।

राठौड़ ने एक पेड़ मां के नाम तहत वृक्षारोपण किया

चूरू, (कासं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अनुठी पहल की है। जिससे देश में पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता बढेगी और जिस प्रकार भारत के लोगों में प्रकृति के प्रति श्रद्धा का भाव है, उससे यह कार्यक्रम लगातार सफलता की बुंलदियों को छुऐगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐसे सामाजिक सरोकारों के प्रति गहरी रूची है और उनके नेतृत्व में देश लगातार विकास गाथा लिख रहा है। उन्होंने एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम को गहरी भावनाओं से भरा हुआ कार्यक्रम बताते हुऐ कहा कि इससे प्रत्येक व्यक्ति इस कार्यक्रम से अपना व अपने परिजनों का जुड़ाव महसूस करेगा। क्योंकि भारतीय संस्कृति में मां का सबसे बड़ा महत्व है। और यह कार्यक्रम मां के प्रति श्रद्धा के भाव को उत्पन्न करने वाला है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दिनेश शर्मा, रजत शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पौधारोपण महाभियान का शुभारंभ किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अम्बालाल मीणा ने बारिश की शुरुआत के साथ ही जिला परिषद परिसर में जामुन आदि के पेड़ लगाकर पौधारोपण महाअभियान 2024 का शुभारंभ किया।

सीईओ मीणा के अनुसार इस मानसून में जिलेभर में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत लगभग 2 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। जिसके लिए विभाग द्वारा पूर्व तैयारी की जा चुकी हैं। नरेगा से नर्सरी बीड़ झुंझुनूं 8000, नर्सरी चुड़ैला 15000, नर्सरी नवलगढ़ 6000, नर्सरी घोड़ीवारा 6000, नर्सरी चिड़ावा 15000 नर्सरी काजड़ा द्वारा 1000 पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके अलावा 1 लाख 49 हजार पौधे अन्य जगहों से ले जाएंगे। पौधारोपण के लिए पौधे उपलब्ध करवाने के लिए अलग-अलग नर्सरियों को निर्देश दिए गए हैं।

पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायतवार लक्ष्य निर्धारित कर मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रतिदिन विभिन्न कार्य स्थलों पर लगाए जाने वाले पौधों की संख्या पंचायत वार एवं पंचायत समिति वार गूगल सीट पर अपडेट करवाए जाएंगे।

साथ ही कौन-कौन से कार्य स्थलों पर कितने पौधे लगाए गए है। उनकी भी सूचना ऑनलाइन अपडेट करने के लिए सभी विकास अधिकारियों को निर्देश जारी हो चुके हैं। पंचायत समिति अलसीसर में 96 कार्यों पर 9600, बुहाना में 139 पर 18800, चिड़ावा में 139 पर 14500, झुंझुनूं में 176 पर 15800, खेतड़ी में 216 कार्यों पर 26300, मंडावा में 120 कार्यों पर 9300, नवलगढ़ में 211 कार्यों पर 24200, पिलानी में 129 कार्यों पर 16600, सिंघाना में 185 कार्यों पर 17000, सूरजगढ़ में 217 कार्यों पर 17900, उदयपुरवाटी में 253 कार्यों पर 30000 पौधे लगाए जाएंगे।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अम्बालाल मीणा ने पेड़ लगाकर पौधारोपण महाअभियान 2024 का शुभारंभ किया।

प्रत्येक शक्ति केंद्र पर लगाए जाएंगे 370 से अधिक पौधे

चिड़ावा, (निसं)। चिड़ावा शहर मण्डल के विवेकानंद चौक शक्ति केन्द्र के डिस्कवरी ऑफिस में भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम" मन की बात" के 111वें संस्करण में पेड़ लगाने के आव्हान पर अधिकाधिक पौधारोपण का संकल्प लिया गया है।

इस दौरान दहिया ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सदैव ही हमें राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सोच के साथ स्वयं की भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सभी से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। इसी के तहत शक्ति केन्द्र विवेकानंद चौक, कोर्ट रोड व श्याम नगर से एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की व प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर 370 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, मण्डल महामंत्री मुकेश खण्डेलवाल, पार्षद मदन डारा, मुकेश जालिन्द्रा, संतोष सैनी, राम सिंह, सूर्य प्रकाश शर्मा, प्यारेलाल थाकन, राहुल भीमराजका, विकास गुप्ता, सुशील डाबला, देवेन्द्र सैनी व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी तरह भाजपा ओबीसी मोर्चा चिड़ावा मण्डल की ओर से रीको इंडस्ट्रीयल एरिया में एक पेड़ लगा कर के इस अभियान की शुरुआत चिड़ावा ओबीसी मण्डल अध्यक्ष मोहन लाल जांगिड़ ,भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार सैनी ने की।

शादी की सालगिरह पर गायत्री यज्ञ किया

सादुलपुर, (निसं)। वार्ड नं. 31, जोगी आश्रम, रामबास, राजगढ में रविवार को कैलाश चन्द्र मोदी सपत्नीक मंजू देवी मोदी की शादी की 23 वीं सालगिरह गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने इन पर पुष्प वर्षा करके आशीर्वाद दिया। हर वर्ष शादी की सालगिरह भारतीय संस्कृतिनुसार यज्ञ करके और लोगों को प्रसाद बाँटकर एक संदेश देना चाहते हैं कि पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार मनाने में कुछ नहीं रखा है बल्कि अपनी संस्कृतिनुसार मनाने से वातावरण शुद्धिकरण होता है और प्रेम भाव बढता है।

अंधविश्वास फैलाने वाला ढोंगी बाबा गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। हमीरवास थाने के गांव भैंसली में रहस्यमयी आग लगने के मामले में स्वर्गवासी महिला से बात करवाने के पाखण्ड कर सोशल मीडिया पर अंधविश्वास फैलाने वाला ढोंगी बाबा को हमीरवास थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि पुलिस थाना हमीरवास क्षेत्र के गांव भैंसली में भूपसिंह पुत्र स्व. सुमेर सिंह जाति जाट निवासी भैंसली तहसील राजगढ जिला चूरू के घर में तीन परिवजनों, जिनमें एक महिला एवं दो मासुम बच्चों की संदिग्ध तरीके से मौते हो गई थी। भूपसिंह के मकान में अज्ञात कारणों से लगातार आग लग रही थी।

इसी रहस्य के फायदा उठाकर भैंसली निवासी भूपसिंह अपने घर पर ढोगी बाबा को बुलाने लगा। उक्त ढोगी बाबा भूपसिंह के मकान में धुणा लगाकर पुजा पाठ एवं तरह-तरह के ढोंग करने लगे। इसी बीच एक ढोगी बाबा द्वारा मृतका किस्तुरी देवी की आत्मा से मोबाईल फोन पर बात करवाने का ढोंग करने लगा।

झुंझुनूं में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया

- अखिल भारतीय रैगर महासभा की ओर से हुआ कार्यक्रम

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय रैगर महासभा जिला झुंझुनूं की ओर से रविवार को डॉ. बीआर अंबेडकर भवन झुंझुनूं में रैगर समाज के सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें झुंझुनूं के 200 सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम रामरतन सौंकरिया थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मलसीसर एसडीएम चंद्रप्रकाश वर्मा थे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीनारायण बढीवाल ने की।

कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों में महासभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोहरलाल बाकोलिया, राष्ट्रीय प्रचार प्रसार सचिव बागेश कुमार बाकोलिया, सेवानिवृत्त डीईओ सुरेशकुमार धौलपुरिया, पोस्ट आफिस सेवा में वरिष्ठ अधीक्षक प्रभुदयाल खटनावलिया, बिड़दीचंद कनवाड़िया, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल चौथमल कुलदीप व एजीएम ओमप्रकाश माछलपुरिया थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महासभा के जिलाध्यक्ष भंवरलाल जगरवाल के द्वारा कार्यक्रम में पधारे हुए समस्त अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वागत करते हुए समाज की दशा एवं दिशा पर चिंतन करते हुए समाज सुधार के लिए कार्यक्रम में उपस्थित समस्त समाज बंधुओं से सुझाव आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम में समाज के राजस्थान प्रशासनिक सेवा के पदों पर जिले में कार्यरत समाज के अधिकारियों एडीएम रामरतन सौंकरिया, मलसीसर एसडीएम चंद्रप्रकाश वर्मा का समाज के द्वारा अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सौंकरिया ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए शिक्षित बनो, संगठित रहो एवं संघर्ष करते हुए समाज के वरिष्ठ नागरिकों से आव्हान किया कि आप सब राजकीय सेवा से सेवानिवृत्ति उपरांत आपके सामाजिक एवं प्रशासनिक अनुभव से समाज को नई दिशा देने के लिए कार्य करें। ताकि समाज संगठित होकर सामाजिक, आर्थिक, व्यावसायिक एवं राजनैतिक रूप से प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके। विशिष्ट अतिथि मलसीसर एसडीएम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने शिक्षा ग्रहण की है।

परंतु राजनैतिक क्षेत्र में आपसी मनमुटाव के कारण पीछे है। इसके लिए एकजुट होने की आवश्यकता है। राजकीय वेवा के साथ-साथ समाज के युवाओं को व्यापार, हस्तकार्य में भी भगीदारी करते हुए निजी क्षेत्रों में आगे आने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि चौथमल कुलदीप ने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों को आव्हान किया कि समाज को संगठित होकर राजनैतिक बिंदुओं के संबंध में भी उचित प्रतिनिधत्व का प्रयास करना चाहिए तथा समाज की महिलाओं को जागरूक कर सामाजिक कार्यों में सहभागी बनाने को कहा। कार्यक्रम में अम्बालाल गहनालिया, पुरूषोत्तम बाकोलिया, पालीराम कनवाड़िया, बागेश कुमार बाकोलिया, विनोद कुमार गहनालिया आदि ने समाज को संगठित एवं समाज सेवा के तत्पर एवं संगठित रहकर समाज सेवा करने का आ ान किया। कार्यक्रम में समाज के बाबूलाल रैगर, सीताराम बाकोलिया, गंगाराम रसकरण, सुनील कुमार धौलपुरिया, नाथूलाल रसगनिया, बृजमोहन सौंकरिया, गोपीराम डिग्रवाल, राकेश सबलानिया, प्यारेलाल बाकोलिया, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सुशीला डिग्रवाल, जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सुनील कुमार मौर्य, राजकुमार अलवरिया, सुंदर उज्जैनिया, चौथमल सौंकरिया, रमेश कुमार डिग्रवाल, कन्हैयालाल बाकोलिया, रक्षपाल परसोया, नंदलाल फूलवा, सुरेंद्र बंशीवाल, सोहनलाल बाकोलिया, पुरूषोत्तम रसकरण, राजकुमार डिग्रवाल, सुभाष डिग्रवाल, सुभाष मूंडोतिया, सुरेश कुमार बाकोलिया सहित समाज के करीब 300 प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

झुंझुनूं के 200 सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

चूरू, (कासं)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ रविवार 30 जून को राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी व सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। पल्स पोलियो टीकाकरण में 5 साल तक के 3 लाख 28 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

आरसीएचओ डॉ. अहसान गौरी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो बूथों पर ओरल पोलियो वेक्सीन पिलाई गई। बूथों पर दवा पिलाने के बाद अब घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। आरसीएचओ डॉ. गौरी ने बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के लिये 42 मोबाइल टीम व 110 ट्रांजिट टीमें बनाई गयी हैं। पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की खण्ड स्तर पर मॉनिटरिंग की गई। डॉ गौरी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों ने पल्स पोलियो अभियान के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर पांच वर्ष तक के बच्चों की लाइन लिस्ट के अनुसार दवा पिलाई। अब 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक घर घर जाकर पिलाई जाएगी। राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल में इस दौरान अधीक्षक डॉ हनुमान जयपाल, डॉ अमजद, डब्ल्यूएचओ से अंकिता जैन आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

शीशराम कालेर का अभिनंदन

चूरू, (कासं.)। राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर राउमा विद्यालय ढ़ाढ़र के प्रधानाचार्य शीशराम कालेर का राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद् (उप प्राचार्य) के पदाधिकारियों ने रविवार को ओम कालॉनी में अभिनंदन किया। इस अवसर पर कालेर का माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रेसा वीपी के प्रदेशाध्यक्ष भंवरलाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष विजयपाल धुवां, अलसीसर के पूर्व प्रधान गिरधारी लाल खीचड़, प्रधानाचार्य रामकुमार खीचड़, नरेन्द्र कुमार सहारण, चन्दगीराम दूत आदि ने कालेर का स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रधानाचार्य रामकुमार खीचड़ ने कहा कि राजकीय सेवा के साथ समाज सेवा व षिक्षा के क्षेत्र में कालेर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दौरान चूरू एसडीएम विजेन्द्र सिंह, सूरजगढ़ एसडीएम दयानन्द रुयल, मंडावा एसडीएम सुप्रिया कालेर, झुंझुनूं डीएसपी विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

मोटिवेशनल सेमीनार आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस कॅरिअर इंस्टीट्यूट में नीट व जेईई की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए मोटिवेशनल सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बच्चों को तनाव फ्री रहने व नीट व जेईई जैसी महत्त्वपूर्ण परीक्षा में सफलता के गुर बताए। इसमें मुख्य वक्ताओं में प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर, संस्थान निदेशक निर्मल कालेर, फैकल्टी आरपी सर, डीएस सर, एसडी सर ने अपने व्याख्यान में छात्र छात्राओं को बड़ी परीक्षा की तैयारी के लिए तनाव फ्री रहने तथा नियमित अध्ययन से कैसे सफलता प्राप्त की जा सकती है? इन सभी पर अपने बच्चों के विचार साझा किए। साथ ही विषय विशेषज्ञ गुरुओं द्वारा स्टूडेंट्स को उनके करियर से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। इस मौके पर संस्थान चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने बताया कि समय-समय पर बच्चों के लिए इस प्रकार का मोटिवेशन बहुत लाभकारी सिद्ध होता है। इससे बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्टूडेंट उपस्थित रहे। संस्थान समय-समय पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी सेमीनार का आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ राजेश कुमार सिंह, केशव, भरत, अनूप व मनीष, फैजान, संजीव व कॉचिंग संस्थान की समस्त फैकल्टी उपस्थित रही।

गुमान सिंह शेखावत का अभिनंदन

चूरू, (कासं.)। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में 41 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ प्रबंधक गुमान सिंह शेखावत का अभिनंदन रविवार को आयोजित समारोह में किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक करणवीर सिंह ने कहा कि शेखावत ने अपनी बेहतरीन सेवाओं और उत्कृष्ट व्यवहार से एक जोरदार छवि बनाई है। उन्होंने कहा कि शेखावत की कार्यशैली हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सेवानिवृत्त हुए गुमानसिंह शेखावत ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए और कहा कि उन्होंने बैंक को सदैव अपना परिवार समझा और उपभोक्ताओं की संतुष्टि को ध्येय समझकर काम किया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक करणवीर सिंह ने शेखावत को बैंक का प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। उप क्षेत्रीय प्रबंधक राजेंद्र कुमार दरगढ़ ने शाल ओढाकर, साफा बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त स्टाफ के साथ-साथ गुरदीप सिंह मथाड़ू, द्वारकाधीश अग्रवाल, शांताराम, अजीत सिंह धाभाई, रामकुमार कस्वां, रामनिवास सरावग ने भी इनके उत्कर्ष कार्य हेतु इनका सम्मान एवं अभिनंदन किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय पर स्थित तेलियान बाड़ी के मैरिज हॉल में रहमत फाउंडेशन का एक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। फाउंडेशन के ट्रस्टी ईस्माइल चौहान ने बताया कि यह ट्रस्ट उनकी मां के नाम से चलता है। यह ट्रस्ट गरीब और बेसहारों की मदद भी करता है और समाज में पढ़ने वाले बच्चे जो अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। उनकी हौसला अफजाई के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह रखा गया है। जो बच्चे स्कूल में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हैं उन्हें एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है। कक्षा 8, 10 व 12वीं के 25 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ एफ एच गोरी एवं डॉ साजिद चौहान और वशिष्ठ अतिथि मो. सलीम टी आर ए, मुस्ताक चौहान, हारून गोरी, अध्यक्षता इमामुद्दीन मलणस ने की। कार्यक्रम में अनीष अहमद, सोहेल अहमद, अब्दुल रहमान गोरी, असलम चौहान, जावेद बाबू, इमरान चौहान, एजाज रफीक राजगढ़िया आदि ने सहयोग किया। इस्माइल चौहान ने सभी का आभार प्रकट किया। समारोह का संचालन मोहम्मद रफीक चौहान ने किया।

भाजपाईयों ने पौधारोपण किया

पाटन, (निसं)। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह तंवर भूदोली ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नीमकाथाना स्थित अपने कार्यालय पर पीएम मोदी की मन की बात सुनी। पीएम मोदी ने देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की । पीएम की अपील की पालना में प्रदेश उपाध्यक्ष तंवर ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ नेहरू पार्क में पौधारोपण करके क्षेत्र के सभी लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। तंवर ने भारतीय क्रिकेट टीम को वर्ल्डकप जीतने पर बधाई दी , साथ ही अपने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी।इस मौके पर पेप सिंह , पूरण सिंह , महेन्द्र सिंह , फूल चन्द यादव ,गोपाल सिंह ,रणजीत कुमावत ,गिरवर सिंह , पवन सिंह ,प्रभु सैनी, रामनाथ योगी,शिव नारायण सैनी, पवन मोदी ,छगन वर्मा , महेश शर्मा ,सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सनातन धर्म संस्कार पाठशाला शुरू

सीकर, (निसं)। श्री कल्याण धाम मंदिर सीकर में महंत महाराज विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में सनातन धर्म संस्कार पाठशाला शिविर का आयोजन किया गया। व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि आज इस शिक्षा जीवन के दौर में बच्चों को सनातन धर्म संस्कार का भी ज्ञान होना जरूरी है, सनातन धर्म में चार नियम है जिसे धारण करना ही धर्म कहलाता है। पहला आस्था (ईश्वर है)दुसरा दया (सब जीवों में समान भाव)सत्य (कर्म से, वचन से और आचरण से शुद्ध होना) क्षमा । ये सभी धर्म में है लेकिन कोई आचरण नहीं करते हैं। सनातन धर्म के नियम विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक विश्वासों, मान्यताओं और आचरणों का संयमित और नैतिक रूप से पालन करने के लिए होते हैं। ये नियम व्यक्ति को उच्च आदर्शों और मूल तत्त्वों के प्रति आदर्श बनाने का प्रयास करते हैं। व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रत्येक रविवार को सुबह 8.30 बजे से 09: 30 बजे तक मंदिर परिसर में शिविर आयोजित किया जा रहा है।

280 मरीजों की आंखें जांची

पाटन, (निसं)। मिश्री देवी आई हॉस्पिटल नीमराना बहरोड़ एवं बाबा साहेब शिक्षण संस्थान माध्यमिक विधालय सोहनपुरा के संयुक्त तत्वावधान में नि: शुल्क आई कैंप विद्यालय परिसर में लगाया गया। शिविर में 280 मरीज